2. वर्तमान आवेदन में चीन जन.गण. और हांगकांग के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच की मांग की गई थी। हालांकि, डीजी सिस्टम से प्राप्त आंकड़ों की जांच करने पर, क्षति की अवधि और जांच की अवधि दोनों के दौरान हांगकांग से संबद्ध वस्तुओं के आयात की कोई मौजूदगी नहीं देखी गई है। अतः, प्राधिकारी ने वर्तमान जांच में चीन जन.गण. को संबद्ध देश माना है।

3. आवेदक ने आरोप लगाया है कि संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयात से वास्तविक क्षति हो रही है और संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाने का अनुरोध किया है।

**क. <u>विचाराधीन उत्पाद</u>**

4. वर्तमान आवेदन में विचाराधीन उत्पाद "किसी संकेन्द्रण में एथिल क्लोरोफॉर्मेट्स (ईसीएफ)" है।

5. ईसीएफ एक आर्गेनिक रसायनिक मिश्रण है। यह बहुत अधिक गंध वाला एक रंगहीन, गतिशील तरल पदार्थ है। एथिल क्लोरोफॉर्मेट्स का फार्मास्युटिकल और एग्रो केमिकल उद्योगों में आर्गेनिक रासायनिक मध्यवर्ती में एक मध्यवर्ती के रूप में व्यापक रूप से उपयोग होता है। यह क्लोरोफार्मेट्स वर्ग का है और इसमें ईस्टर और क्लोरो दोनों कार्यात्मक समूह शामिल हैं, जो इसे अत्यधिक प्रतिक्रियावादी बनाता है। इसके जंग और नशीले प्रकृति के होने के कारण, एथिल क्लोरोफॉर्मेट्स का वर्गीकरण श्वसन, इंजेशन और चर्म संपर्क के माध्यम से खतरा उत्पन्न करने वाले खतरनाक पदार्थ के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**<u>माप की इकाई</u>**

6. विचाराधीन उत्पाद के लिए माप की निर्धारित इकाई मीट्रिक टन (एमटी) या किलोग्राम (केजी) है।

**<u>प्रशुल्क वर्गीकरण</u>**

7. आवेदक ने सूचित किया है कि विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) का कोई समर्पित एचएस कोड नहीं है। उत्पाद वर्तमान में सीमा प्रशुल्क अधिनियम के अध्याय 29 के तहत विभिन्न प्रशुल्क शीर्ष के तहत विशेष रूप से उप-शीर्ष 2915 12 90 के तहत आयात किया जाता है। आवेदक ने यह भी आरोप लगाया है कि विचाराधीन उत्पाद को कोड 2915 13 00 और 2915 90 99 के तहत भी आयात किया गया है। हालांकि, सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और विचाराधीन उत्पाद के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।

8. आवेदक ने अपने आवेदन में किसी उत्पाद नियंत्रण संख्या (पीसीएन) पद्धति का प्रस्ताव नहीं किया है। वर्तमान जांच के पक्षकार जांच शुरू होने की सूचना प्राप्त होने के परिचालन के 15 दिनों के भीतर पीयूसी के दायरे पर अपनी टिप्पणियां प्रदान कर सकते हैं और उत्पाद नियंत्रण संख्या (पीसीएन) पद्धति, यदि कोई हो, का प्रस्ताव कर सकते हैं।

**ख. समान वस्तु**

9. आवेदक ने कहा है कि आवेदक द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से निर्यात की गई वस्तु में कोई अधिक अंतर नहीं है। आवेदक द्वारा उत्पादित वस्तु और संबद्ध देश से आयात की गई वस्तु भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों और उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशनों, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन और संबद्ध वस्तुओं के प्रशुल्क वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। संबद्ध वस्तुएं और आवेदक द्वारा निर्मित वस्तु तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। आवेदक ने दावा किया है कि विचाराधीन उत्पाद के उपभोक्ता संबद्ध वस्तुओं और आवेदक द्वारा निर्मित वस्तु का परस्पर उपयोग कर रहे हैं। इस प्रकार, वर्तमान जांच की शुरुआत के प्रयोजनों के लिए, आवेदक द्वारा उत्पादित वस्तु को प्रथम दृष्टया संबद्ध देश से आयात किए जा रहे उत्पाद के समान माना वस्तु के रूप में माना है।

**ग. संबद्ध देश**

10. वर्तमान जांच में संबद्ध देश **चीन जन.गण.** है।

**घ. <u>जांच की अवधि</u>**

11. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच (जिसे इसके बाद "पीओआई" कहा गया है) के लिए **1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025** (12 माह) की अवधि को जांच की अवधि ("पीओआई") के रूप में माना है। क्षति की जांच की अवधि 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023, 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024, 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 और जांच की अवधि शामिल होगी।

**ङ. <u>घरेलू उद्योग और आधार</u>**

12. आवेदन मेसर्स पौशक लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। आवेदक ने अनुरोध किया है कि उन्होंने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का आयात नहीं किया है और वे संबद्ध देश के उत्पादकों और निर्यातकों से संबंधित नहीं हैं। आवेदक ने अनुरोध किया है कि वे एकमात्र घरेलू उत्पादक हैं और भारत में संबद्ध वस्तुओं के कुल उत्पादन में 100% हिस्सा रखते हैं। इसलिए, आवेदक पाटनरोधी नियमावली, 1995 के नियम 2 (ख) के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग है और आवेदन पाटनरोधी नियमावली, 1995 के नियम 5(3) के तहत आधार की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

**च. <u>कथित पाटन का आधार</u>**

क) **चीन के लिए सामान्य मूल्य**

13. आवेदक ने दावा किया है कि चीन जन.गण. को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में माना जाना चाहिए और नियमावली के अनुबंध-I के नियम-7 के संदर्भ में सामान्य मूल्य निर्धारित किया जाना चाहिए। आवेदक ने नियमालवी के अनुंबध-I के पैरा 8 (2) का हवाला दिया है और कहा है कि चीनी उत्पादकों को यह दर्शाने के लिए निर्देशित किया जाना चाहिए कि नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8(3) के संदर्भ में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन वाले उद्योग में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थिति प्रबल है। आवेदक ने दावा किया है कि चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य को नियमावली के अनुबंध के पैरा 7 और 8 के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए।

14. आवेदक ने अनुरोध किया है कि बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत या निर्मित मूल्य के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित करने के प्रयास किए गए थे। हालाँकि, आवेदक को किसी तीसरे देश में बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत या लागत की जानकारी के संबंध में विश्वसनीय जानकारी नहीं मिल सकी। इसलिए, उचित लाभ के साथ बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय के लिए विधिवत् समायोजित आवेदक के उत्पादन की लागत के आधार पर सामान्य मूल्य संरचित किया गया है। जांच शुरू करने के उद्देश्य से इस पर विचार किया गया है।

**ख) निर्यात कीमत**

15. विचाराधीन उत्पाद की निर्यात कीमत डीजी सिस्टम आंकड़ों में रिपोर्ट किए गए विचाराधीन उत्पाद की सीआईएफ कीमत पर विचार करके निर्धारित की गई है। समुद्री माल भाड़ा, समुद्री बीमा, सार-संभाल प्रभार, बंदरगाह खर्चे, अंतर्देशीय प्रभार, कमीशन, ऋण लागत और बैंक प्रभारों के लिए समायोजन किए गए हैं।

**ग) पाटन मार्जिन**

16. सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत की तुलना कारखानागत स्तर पर की गई है, जो *प्रथम दृष्टया* दर्शाता है कि पाटन मार्जिन *न्यूनतम स्तर* से अधिक है और संबद्ध देश से निर्यातित विचाराधीन उत्पाद के संबंध में काफी है। इस प्रकार, *प्रथम दृष्टया* साक्ष्य है कि संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद को संबद्ध देश के निर्यातकों द्वारा भारतीय बाजार में पाटित किया जा रहा है।

**छ. क्षति के साक्ष्य और कारणात्मक संबंध**

17. आवेदक ने पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में *प्रथम दृष्टया* साक्ष्य प्रदान किया है। संबद्ध देश से संबद्ध आयात की मात्रा निरपेक्ष और सापेक्ष दोनों ही रूप में बढ़ी है। आयात के कारण कीमत ह्रास और न्यूनीकरण का साक्ष्य है। संबद्ध आयातों का घरेलू उद्योग के लाभप्रदता मापदंडों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

18. पूर्वोक्त से, प्राधिकारी को *प्रथम दृष्टया* संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं के पाटन, घरेलू उद्योग को क्षति और कथित पाटन और क्षति के बीच कारणात्मक संबंध के बारे में पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं, तथाकथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव निर्धारित करने तथा पाटनरोधी शुल्क की राशि, जो यदि लगाई जाए और घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी, की सिफारिश करने के लिए नियमावली के नियम 5 के अनुसार पाटनरोधी जांच शुरू करने का औचित्य रहता है।

